वंदना श्रीवास्तव, भा.र.ले.से.
वित्तीय सलाहकार
(रक्षा सेवाएं)
Vandana Srivastava, IDAS
Financial Adviser
(Defence Services)

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
नई दिल्ली-110 011
Government of India
Ministry of Defence
New Delhi-110 011

अपील

14 सितंबर, 2015

भारतीय संविधान के अनुसार देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली हिंदी हमारी राजभाषा है। ज्ञान–विज्ञान की विभिन्न शाखाओं तथा देश की सामासिक संस्कृति को अभिव्यक्त करने के लिए सरल भाषा होने के कारण हिंदी न केवल भारतीयों बल्कि दुनिया भर में फैले भारतवंशी समुदाय के लोगों की भावनाओं को प्रकट कर पाने में बखूबी सफल है। कंप्यूटर तथा इंटरनेट पर सुगम होने के कारण यह विश्व भाषा के रूप में उभर रही है।

रक्षा मंत्रालय (वित्त प्रभाग) और रक्षा लेखा विभाग के देशभर में फैले कार्यालयों में हिंदी में उत्साहपूर्वक काम करते हुए हम न केवल राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की भावना को सुदृढ़ करते हैं बल्कि संविधान प्रदत्त अपने कर्तव्य का पालन भी कर रहे हैं।

हिंदी के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए 14 सितम्बर से 28 सितम्बर, 2015 तक रक्षा मंत्रालय (वित्त प्रभाग) में हिंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया है। सभी से अनुरोध है कि इसमें बढ़–चढ़ कर भाग लें। इस प्रयास से हम लक्ष्य तक पहुंचने में अवश्य कामयाब होंगे।

इस अवसर पर मेरी शुभकामनाएं।

(वंदना श्रीवास्तव)